तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 8 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



13 माहेश्वरी महिला संगठन ने दिव्यांगों को 10 व्हीलचेयर...





14 भाजपा ने तीन मंडलों में अध्यक्षों की घोषणा...




## खबर संक्षेप



### बरगद के 20 पौधे रोपे गए

**बेमेतरा।** महिला सशक्तिकरण केन्द्र 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत "वृक्ष लगाओ, हरियाली लाओ" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों और परियोजनाओं में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिले के ग्राम कोबिया वार्ड क्रमांक 8 व 9 में तालाब के मेड पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम द्वारा बरगद के 20 पौधे रोपे गए। इस अवसर पर विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" पर विशेष संदेश दिया गया। साथ ही जिले के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों और सुपोषित ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने सिक्किम से आए अधिकारी द्वारा भी पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### डेटा चोरी, पूर्व जीएम के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** कंपनी का लैपटाप लेकर डेटा करने करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धार 316(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शिवालिक इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज लिमिटेड हथखोज में मैनेजर एडमिन गिरजेश सिंह कार्यरत है। मैनेजर ने पुलिस में शिकायत किया है कि कंपनी में पूर्व जीएम (आपरेशन) का कार्य करने वाले सांगली, महाराष्ट्र निवासी निखिल जैन ने लैपटाप, बौद्धिक संपदा को अपने पास रख आपराधिक विश्वाससघात किया है। निखिल ने धोखे से कंपनी का लैपटाप चोरी किया और कंपनी की गोपनीय व्यावसायिक जानकारी अन्य कंपनियों को हस्तांतरित करने का प्रयास किया। आरोपी निखिल 21 अक्टूबर 2023 को कंपनी में जनरल मैनेजर के पद पर था। कंपनी की व्यापारिक नीतियां, तकनीकी, जानकारी, ग्राहक डेटा को पूर्ण गोपनीयता के साथ संभालेंगे। लेकिन अनुबंध के तहत कंपनी लैपटाप उसे सौंपा था, जिसमें कंपनी के बौद्धिक संपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण थी। 12 नवंबर 2024 को निखिल ने कंपनी को एक ईमेल भेजकर अपना इस्तीफा दिया। इस्तीफे में उसने पत्नी की गर्भावस्था में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बताया था। लेकिन निखिल सांगली न जाकर गुजरात स्थित हमारी प्रतिद्वंद्वी कंपनी भगवती आटोकास्ट में शामिल हो गया। निखिल कंपनी का सारा डेटा लेकर चला है जो साजिश के तहत किया गया। मामले में पुलिस आरोपी निखिल जैन की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही है। निखिल सालभर तक कंपनी में कार्यरत था।

## मारपीट : ग्राम झांकी में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद, रूपकली और अंजली की हालत नाजुक, बिलासपुर रेफर

# खेत की मेड़ पर मिट्टी गिराने को लेकर विवाद, दो पक्षों में जमकर मारपीट, 23 घायल, 9 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम झांकी में शनिवार सुबह खेत की मेड़ पर मिट्टी डालने और फेंसिंग को लेकर दो पक्षों के बीच भीषण हिंसक झड़प हो गई। लाठी, डंडे और धारदार हथियारों से हुए इस टकराव में 23 लोग घायल हो गए, जिनमें से 9 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से नवागढ़ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर घायलों को बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना का मूल कारण गुरुवार को हुई एक कहासुनी थी। एक पक्ष ने अपने खेत की मिट्टी मेड़ पर डाल दी थी, जिससे कुछ मिट्टी दूसरे पक्ष के खेत में जा गिरी। इससे विवाद की स्थिति बन गई थी, लेकिन गांव के बुजुर्गों व पंचों की पहल पर दोनों पक्षों में समझौता हुआ था कि गिरी हुई मिट्टी हटा दी जाएगी।

**शनिवार को फेंसिंग शुरू होते ही टूटा भरोसा**-हालांकि, शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक पक्ष ने दोबारा उसी जगह पर फेंसिंग का काम शुरू कर दिया। इसे दूसरे पक्ष ने खेत मे गिरी मिट्टी को हटाए बिना फेन्सिंग को देख विरोध किया।



### घायलों में महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल

झड़प में घायल हुए 23 लोगों को 108 एम्बुलेंस सेवा से नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद 9 गंभीर घायलों को बिलासपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इनमें दो महिलाओं की हालत बेहद चिंताजनक बताई जा रही है।गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों में रूपकली (45 वर्ष), अंजली टंडन (36 वर्ष), पृथ्वीराज (24 वर्ष), रनिया कुर्रे (36 वर्ष),सागर कुर्रे (15 वर्ष), विष्णुप्रसाद (80 वर्ष), बलराम टंडन (35 वर्ष), दिलीप कुमार (55 वर्ष) एवं कैलाश (50 वर्ष) शामिल है। जिसमें रूपकली व अजंलि के सर में गम्भीर चोटे आई है।



### पुलिस ने दर्ज किया मामला, जांच जारी

थाना प्रभारी नवागढ़ अलील चंद ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा, मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाना, हत्या के प्रयास सहित बीएनएस की कई धाराओं में अपराध दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की विधिवत जांच की जा रही है, और दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### अतिरिक्त पुलिस बल तैनात

घटना की जानकारी मिलते ही नवागढ़ थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में लिया। हालांकि, मौके पर अब भी तनाव का माहौल बना हुआ है, जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। गांव में दहशत का माहौल है।

इसी बात से विवाद फिर उभर आया और कुछ ही देर में दोनों पक्ष हथियार लेकर आमने-सामने आ गए। खेत में लाठी, डंडे, फावड़े और टांगी चलने लगे। अफरातफरी के माहौल में महिलाएं, बुजुर्ग और किशोर भी घायल हो गए।

**पंचायत चुनाव से गहराई रंजिश, खेत और घर अगल-बगल**- ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों के खेत और घर अगल-बगल हैं, और पिछले कई वर्षों से सीमा, रास्ता और अधिकार को लेकर विवाद चला आ रहा है। पंचायत चुनाव के दौरान भी दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जो अब तक खत्म नहीं हो पाई है। शनिवार की घटना इसी पुरानी रंजिश का विस्फोट मानी जा रही है।

**घटनास्थल से ग्रामीणों की एक ही मांग – शांति और स्थायी समाधान**- घटना के बाद गांव के वरिष्ठजनों और महिलाओं ने प्रशासन से मांग की है कि जमीन विवाद का स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि गांव में फिर कभी ऐसी स्थिति न बने। उनका कहना है कि चुनाव से लेकर जमीन तक हर बात पर झगड़ा हो रहा है, और अब गांव का माहौल पूरी तरह अशांत हो गया है।

## जनता की थाली तक अन्न की गारंटी : नपा अध्यक्ष सिन्हा

# शहर वार्डों में चावल उत्सव, नपा अध्यक्ष विजय व पार्षद हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 1 से 7 जून तक मनाए जा रहे चावल उत्सव के तहत बेमेतरा नगर में राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा और खाद्य विभाग सभापति विकास तंबोली ने शिरकत कर वार्ड क्रमांक 19, 20 और 21 में हितग्राहियों को चावल वितरण किया।

पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि यह चावल उत्सव गरीबों और जरूरतमंदों के लिए सरकार की संवेदनशील सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा तीन माह का राशन एकमुश्त वितरण कर हितग्राहियों को समय से पूर्व राहत पहुंचाई जा रही है। इससे किसानों



और मजदूरों को खेती-किसानी के दौरान राशन दुकानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उपाध्यक्ष अशोक शर्मा ने कहा कि प्रदेश की 13,928 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 81 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों को जून, जुलाई और अगस्त का चावल एकसाथ वितरित किया जा रहा है। यह आयोजन सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

सभापति विकास तंबोली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। भाजपा सरकार ने अन्न, आवास और आर्थिक सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। देश की अर्थव्यवस्था आज विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच चुकी है। चावल वितरण कार्यक्रम में पार्षद लक्की साहू, सिमरन ताम्रकार, शोभाराम साहू, गोविंद पटेल, गोरेलाल साहू, विजय बंछोर, किरण साहू, राजेश साहू, गजेन्द्र साहू, संगीता धृतलहरे, रेणु वर्मा, रेखा निर्मलकर, सीमा साहू, सुरेखा साहू, आशा महिलाएं, वार्ड सचिव एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

# छोटे-छोटे कदम ही बड़े परिवर्तन की नींव होते हैं : योगेश तिवारी

### पर्यावरण दिवस पर ग्राम सोढ़ में भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर बेमेतरा जिले के ग्राम सोढ़ में सतनाम सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के संयुक्त सहयोग से भव्य पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान नेता एवं सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। योगेश



तिवारी ने कार्यक्रम की शुरुआत स्वयं वृक्षारोपण करके की और उपस्थित ग्रामीणों से प्रकृति के संरक्षण हेतु अपना दायित्व निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण हमारा जीवन है। जब हम एक पेड़ को अपनी मां के नाम लगाते हैं, तो हम आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवनदान सुनिश्चित करते हैं। पेड़ लगाओ जीवन बचाओ केवल नारा नहीं, बल्कि आज की जरूरत है। उन्होंने ग्रामवासियों की पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी की ▶▶|शेष पेज 12 पर

# प्लास्टिक प्रदूषण खत्म करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विश्व पर्यावरण दिवस का विशेष थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना" को लेकर बेमेतरा जिले में विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) प्रक्षेत्र बेमेतरा में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फलदार पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर ने इस अवसर



पर कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण में आसानी से विघटित नहीं होता, जिससे यह वायु, जल, मिट्टी एवं खाद्य श्रृंखला में प्रवेश कर पारिस्थितिकी तंत्र को गंभीर नुकसान ▶▶|शेष पेज 12 पर

# प्रधान पाठिका ने शाला को भेंट की 43 इंच की एंड्रॉयड टीवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा में विद्यालय की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा ने नए सत्र के आरंभ में ही बच्चों के लिए उपहार स्वरूप अपने स्वयं के व्यय से 43 इंच, क़ीमत 15,600 रुपए की एन्ड्राइड टीवी शाला को भेंट की। उन्होंने बताया बच्चों के अंदर डिजिटल सोच विकसित करने, मनोरंजक तरीके से पढ़ाने, भाषा कौशल विकास को बढ़ावा देने, दृश्य, श्रव्य सोच, कल्पना शक्ति में विकास करने के उद्देश्य से शाला को टीवी प्रदान की है। इससे बच्चों कों रंग पहचान करना, कहानी पर अभियन करना, क्राफ्ट वर्क बनाना, दार्शनिक, पर्यटक



स्थलों के बारे में जानकारी देना, जानवरों की पहचान करना जैसे कई रोचक और मनोरंजक गतिविधि से जोड़ सकते है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि हिम कल्याणी सिन्हा 23 सितंबर 2024 कों अपने पूर्व शाला शासकीय प्राथमिक शाला सैगोना में भी 12,800 रु. का एड्राइड स्मार्ट टी.वी. प्रदान की है जिसका लाभ सैगोना स्कूल के बच्चें ले रहे है। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा अभी तक पूर्व और वर्तमान शाला मिलाकर अपने स्वयं के वेतन से शाला विकास कार्य में 71,900 रुपए खर्च कर चुकी है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जगाधर साहू, पालकगण प्रेमनारायण साहू, बहल साहू, बीना साहू, रामकुवर ध्रुव, कांति साहू, पुष्पा साहू, गोविन्द सिन्हा, भरत सिन्हा, प्रीतम एवं बच्चें उपस्थित रहे। सभी ने प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा के कार्यों की प्रशंसा किए एवं शाला को स्मार्ट टीवी प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिए।

## मानसूनी हवाओं के कमजोर होने से थमा बारिश का दौर

# दो से तीन दिन में सक्रिय हो सकता है मानसून


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मानसून के कमजोर होने का सीधा असर तापमान में देखने को मिल रहा है। बारिश थमने से अंचल का अधिकतम पारा लगातार चढ़ने लगा है। शनिवार को अंचल का अधिकतम तापमान 38 डिग्री के करीब रहा। अगले कुछ दिनों में इसमें 3 से 4 डिग्री तक वृद्धि के आसार हैं। वहीं देर रात तक गर्म हवाएं चलने से उमस ने लोगों को हलाकान कर दिया है।

बहरहाल समय से पहले पहुंचने वाला मानसून पिछले कुछ दिनों में कमजोर पड़ गया है। अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाओं के कमजोर होने से मानसून की गतिविधियां थम गई है। अगले तीन से चार दिनों तक इसमें बहुत अधिक बदलाव होने की स्थिति नहीं दिखाई दे रही है। मौसम विभाग से जारी बुलेटिन के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानसूनी हवाएं कमजोर होने के कारण तापमान बढ़ने लगा है और बारिश की संभावना कम दिख रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन-चार दिनों में बारिश के आसार नहीं है और तापमान में 4 डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है।

### मौसम में आएगा बदलाव

**चढ़ने लगा तापमान, 30 डिग्री के करीब पहुंचा**



### जून में सूखा ,मई में रिकार्ड तोड़ बारिश

गौरतलब हो इस बार प्रदेश में मानसून ने 28 मई को ही अपनी दस्तक दे दी थी। मानसून के पहुंचने से पहले ही अंचल में भी बारिश का दौर देखने को मिला, मई महिने में सामान्य से काफी अधिक बारिश दर्ज की गई, परन्तु जून की शुरुआत से मानसून रुठ गया है। बारिश का दौर थमा हुआ है। पंद्रह दिन से पहले ही मानसून की दस्तक से जिले के किसान चितिंत हो गए हैं। खेती-किसानी की तैयारी के बीच मानसून के यूं आ जाने से किसानों में संशय की स्थिति निर्मित है। खाद व बीज सहित खेती में कचरों की सफाई के पहले ही बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दी है।बारिश देख किसान जुताई कार्य का मन बना रहे हैं, लेकिन उन्होंने मानसून ब्रेक की चिंता भी सता रही है । क्योंकि जून का सफ्ताह गुजर गया है लेकिन बारिश की संभावना नजर नहीं आ रही है।

### ऐसा रहेगा मौसम का हाल

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार के ऊपर 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल को एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज : चमक के साथ अंधड़ चलने तथा

वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। अरब सागर से आने वाली मानसूनी हवाएं कमजोर होने के कारण मानसून की गतिविधि आगे नहीं बढ़ रही है। अगले चार से पांच दिनों में स्थिति यही बने रहने की संभावना है।

# राखी की महिलाओं ने रचा इतिहास कचरे से बनाई कमाई की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- प्लास्टिक कचरा बना सहारा, गांव की दीदियों ने बदल दी तस्वीर

जिले के साजा ब्लॉक के छोटे से गांव राखी में हाल ही में एक नई उम्मीद की किरण जगी है। इस गांव की स्वच्छता दीदियों ने प्लास्टिक कचरे को समस्या नहीं, बल्कि अवसर में बदल दिया है। यह कहानी है पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता की, जो स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट से शुरू हुई।

पहले गांव के गली-कूचों में बिखरा प्लास्टिक कचरा गांव की सुंदरता को जैसे गुम कर देता था।



लेकिन अब वहीं कचरा दीदियों के लिए कमाई का साधन बन गया है। "मां जय लक्ष्मी स्व सहायता समूह" की दीदियों ने अपनी लगन और मेहनत से इस चुनौती को अवसर में बदला। वे अब गांव-गांव जाकर कचरा इकट्ठा करती हैं, उसे छांटती हैं और फिर यूनिट की बेलिंग मशीन में बंडल बनाकर रिसाइक्लर्स को बेच देती ▶▶|शेष पेज 12 पर

# जिला अस्पताल में कायाकल्प टीम ने की पड़ताल, वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल में शुक्रवार को छः सदस्यीय टीम ने इलाज से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जांच की है। टीम ने अस्पताल के सभी सेवाओं की गहनता से जांच की, वहीं अधूरे कंट्रक्शन को पूरा करने सक्त निर्देश दिए है। टीम ने कहा कि, इस बार प्रदेश में दुर्ग जिला अस्पताल की रैंकिंग प्रदेश में बेहतर होना चाहिए। बहरहाल टीम जांच के बाद रिपोर्ट भी ले गई हैं।

जिला अस्पताल दुर्ग में कायाकल्प की टीम राज्य से आई थी। टीम ने सम्पूर्ण जिला अस्पताल का निरीक्षण किया, जिसमें सर्जिकल विंग आर्थो वार्ड आपातकालीन विभाग मातृ शिशु अस्पताल, एसएनसीयू, स्थापना शाखा, मेडिकल बोर्ड शाखा, मेडिकल वार्ड, डायलिसिस वार्ड, पीऐनसी वार्ड, आईसीयू, ब्लड बैंक, सोनोग्राफी सहित सभी विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होने सभी कार्य समय पर पूर्ण करने कहा है। निरिक्षण के बाद टीम ने अस्पताल प्रबंधन को पाजीटिव रिपोर्ट भी दिए है, जिसमे उन्होने कहा दुर्ग जिला अस्पताल सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान पर अपने मानकों के अनुरूप रहा है। ऐसा माना जा रहा हैं कि इस बार अस्पताल को बेहतर रैकिंग मिल सकते है। राज्य स्वास्थ्य संचालनालय से पहुंचे टीम में डां महेश्वर ज्वाइन डायरेक्टर, श्री संतोश डिप्टी डायरेक्टर, कविता चंद्राकर संभागीय सलाहकार, और डां परघनिया राज्य सलाहकार पहुंचे थे।

## छह सदस्यीय टीम ने जिला अस्पताल के वार्डों की गहन जांच

### पिछले साल जगदलपुर रहा पहले नंबर पर

जिला अस्पताल के कंसलटेंट ओपी वर्मा ने बताया कि, कायाकल्प की टीम हर साल प्रदेश में मानिटरिंग करती है। तय मानको के आधार पर अस्पतालों को रैंकिंग मिलती है। पिछले साल प्रदेश में जगदलपुर जिला अस्पताल को पहला रैकिंग मिला था, वही दूसरे नंबर पर बेमेतरा अस्पताल रहा था। दुर्ग को पिछले साल सांत्वना पुरस्कार मिला था। लेकिन इस बार टीम के निरिक्षण के बाद पाजीटिव फीडबैक से अच्छी रैंकिंग मिलने की उम्मीद है।



### इन मानकों के आधार पर जांच

अस्पताल में कायाकल्प की टीम के कुछ मानक होते हैं। इस मानक के अनुसार स्वच्छता, रखरखाव, संक्रमण नियंत्रण, और अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। यह टीम अस्पताल के वातावरण को साफ, सुरक्षित, और मरीजों के लिए अधिक आरामदायक बनाने में मदद करती है। इसमें अस्पताल के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई मरीज के कमरे की सफाई, शौचालय, और परिसर शामिल हैं। सफाई के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उत्पादों का उचित तरीके से इस्तेमाल और उपकरणों और फर्नीचर का रखरखाव ध्यान दिया जाता है। वही सबसे अहम मानक संक्रमण नियंत्रण होता है। संक्रमण नियंत्रण प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए, जैसे कि हैंड वॉश और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का इस्तेमाल शामिल है। इसके आलावा बायोमेडिकल अपशिष्ट का उचित तरीके से निपटान शामिल है। वही पर्याप्त रोशनी

### बेहतर फीडबैक

कायाकल्प की टीम जिला अस्पताल का निरिक्षण कर लौट गई है। वे विभिन्न मानकों के तहत जांच करती है। जांच के बाद अच्छी रिजल्ट मिलने की उम्मीद है।

-डां हेमंत साहु, सीएस जिला अस्पताल दुर्ग

## खबर संक्षेप



### सीमेंटीकरण का विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 19 में सीमेंटीकरण सड़क बनाने विधायक गजेन्द्र यादव ने महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, स्थानीय पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता ने सड़क खराब होने के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए सीसी रोड की मांग किये थे, जिससे आवागमन बेहतर हो सके। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य कांशीराम कोसरे, ललिता सावित्री दमाहे, मनीष साहू, शेखर चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, मनीष साहू, वार्ड पार्षद रंजीता प्रमोद पाटिल, मनीष कोठारी, अरुण सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

### मजदूर संघ ने कराया गरीब जोड़े का विवाह

**दुर्ग।** जनवादी राजमिस्त्री मजदूर संघ जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ के द्वारा गरीब बिटिया शादी किया गया। इस कार्यक्रम को अध्यक्ष अशोक पटेल एवं पदाधिकारीगण ठेकेदार की मौजूदगी में सम्पन किया गया। कार्यक्रम में सचिव छत्रपाल साहू, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए। सचिव ने बताया कि, मध्यम परिवार के जोडे का विवाह करने का यह पहला आयोजन है। उन्होने कहा आगे भी इस तरह के कार्य किए जाएंगे।

### अनूप गटागट बने चेंबर के अध्यक्ष



**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी के अनेक दायित्व का निर्वहन करते हुए वर्तमान में जिला आर्थिक प्रकोष्ठ दुर्ग का कमान संभालने वाले अनूप गटागट को चेंबर ऑफ कॉमर्स छत्तीसगढ़ द्वारा दुर्ग जिले का अध्यक्ष का दायित्व सौपा गया है। जिसके लिए पूरा दुर्ग नगर व मार्निंग वॉक ग्रुप प्रदेश नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए अनूप गटागट का पुष्प गुच्छ और मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में शिव चन्द्राकर, ईश्वरी देवांगन, अमर भोई, नंदकिशोर शर्मा, अशोक चंद्राकर, रामकुमार ठाकुर, अजय चंद्राकर, मनोज दानी आदि शामिल थे।

## जम्मू-कश्मीर में एफिल टावर से भी ऊंचे ब्रिज का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

# बीएसपी के फौलाद से बना है विश्व का सबसे ऊंचा चिनाब पुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल का सिरमौर भिलाई इस्पात संयंत्र फौलाद ही नहीं ढालता बल्कि सुदूर राज्यों के दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन को भी सुगम करने में महती भूमिका निभा रहा है। जम्मू कश्मीर में चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे पुल का निर्माण बीएसपी के इस्पात से किया गया है। बीएसपी सहित सेल के अन्य इस्पात संयंत्रों ने इस पुल के निर्माण के लिए प्लेट्स टीएमटी और स्ट्रक्चरल्स आदि 16 हजार टन स्टील की आपूर्ति की है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को इस भव्य पुल का उद्घाटन किया।

उल्लेखनीय है कि इस पुल के निर्माण में 29 हजार मीट्रिक टन स्टील, 10 लाख क्यूबिक मीटर अर्थवर्क, 66 हजैर क्यूबिक मीटर से अधिक कांक्रीट तथा 84 किलोमीटर रॉक बोल्ट और केबल एंकर का प्रयोग किया गया है। जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी के ऊपर बना 1.3 किलोमीटर लंबा यह पुल नदी तल से 359 मीटर की ऊंचाई पर है और पेरिस के एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। अभियांत्रिकी की अभिनव कृति यह पुल 266 किमी प्रति घंटे हवा की तेज रफ्तार और उच्चतम तीव्रता के भूकंपीय तरंगों का सामना करने में सक्षम है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक परियोजना (यूएसबीआरएल) के तहत यह पुल जो कटरा से बनिहाल तक 111 किलोमीटर लंबे घुमावदार खंड का हिस्सा है, इस क्षेत्र में आवागमन को सुलभ करेगा। सेल के इस्पात संयंत्रों ने दुनिया के इस सबसे ऊंचे रेलवे पुल में उपयोग के लिए 6690 टन टीएमटी उत्पाद, 1793 टन स्ट्रक्चरल स्टील और 7511 टन स्टील प्लेट्स, हॉट स्ट्रिप मिल प्रोडक्ट और चेकर्ड प्लेटों सहित कुल 16,000 टन इस्पात की आपूर्ति की है। पुल के निर्माण हेतु सेल द्वारा आपूर्ति की गई इस्पात में से, भिलाई इस्पात संयंत्र ने 5922 टन टीएमटी स्टील, 6454 टन प्लेट्स और 56 टन स्ट्रक्चरल स्टील सहित कुल 12,432 टन इस्पात की आपूर्ति की है। सेल के बर्नपुर स्थित इस्को स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट और बोकारो स्टील लिमिटेड ने भी स्टील की आपूर्ति की है।

## भूकंपीय तरंगों का सामना करने में है सक्षम, 16 हजार टन स्टील की आपूर्ति



### सभी मौसम में होगा सुगम आवागमन

यह पुल जम्मू कश्मीर क्षेत्र में तेज और कुशलतम परिवहन की सुविधा प्रदान करेगा तथा सभी मौसम में उपयोग किया जा सकेगा। सेल ने राष्ट्रीय महत्व की कई ऐसी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसे बांधों, पुलों, सुरंगों, फ्लाईओवरों और एक्सप्रेसवे सहित ऊर्जा क्षेत्र व रक्षा क्षेत्र में प्रयोग हेतु वांछित ग्रेड के इस्पात की आपूर्ति की है। बीएसपी में उत्पादित इस्पात का उपयोग ऊर्जा और बिजली क्षेत्र के साथ ही कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स जैसे पुलों, राजमार्गों, सुरंगों, फ्लाईओवर सहित भूकंपीय और संक्षारण संभावित क्षेत्रों में ऊंची इमारतों और औद्योगिक संरचनाओं में, भारी मशीनरी, तेल और गैस क्षेत्र, अंतरिक्ष क्षेत्र, परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठानों आदि में किया जाता है।

### दिल्ली सेंट्रल विस्टा में भी बीएसपी का फौलाद

भिलाई द्वारा उत्पादित स्टील का उपयोग बांद्रा-वर्ली सी-लिंक के साथ ही मुंबई में अटल सेतु, अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग, हिमाचल प्रदेश में अटल सुरंग और राष्ट्रीय महत्व की कई अन्य इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के निर्माण में किया गया है। भिलाई द्वारा उत्पादित स्टील का उपयोग युद्धपोतों और आईएनएस विक्रांत के निर्माण में भी किया गया है। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए बीएसपी द्वारा बड़ी मात्रा में टीएमटी बार्स की आपूर्ति की गई है। दिल्ली में निर्मित सेंट्रल विस्टा परियोजना में उपयोग के लिए भी टीएमटी उत्पादों की आपूर्ति की है।

# टेलीफोन में भी नहीं सुन रहे बिजली कटौती की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर मे लगातार हो रही विद्युत की कटौती से जनता भारी परेशान है। पिछले एक पखवाड़े से अधिक समय से शहर के विभिन्न स्थानों में विद्युत की निरन्तर कटौती की शिकायत है। क्षेत्र के लोगों के अनुसार विद्युत विभाग द्वारा कटौती बाबत कोई सूचना नहीं दी जा रही है। इस परिस्थिति में भीषण गर्मी के मौसम में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। विद्युत विभाग के इस रवैय्ये से क्षेत्र की जनता में भारी रोष है।

- विद्युत विभाग के अफसर दे रहे है गैर जिम्मेदाराना

नगर निगम के पूर्व महापौर व शहर के लोकप्रिय कांग्रेस नेता धीरज बाकलीवाल ने कहा कि विद्युत विभाग ने अपने-अपने जोन कार्यालय में शिकायतों के निराकरण के लिए दूरभाष की व्यवस्था की है और बकायदा शहर की जनता को इन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया है। लेकिन शिकायत केन्द्रों में उपलब्ध टेलीफोन का रिसीवर बाहर टेबल में रखा रहता है और उपभोक्ताओं को नंबर इंगेज मिलता है।

शिकायत दर्ज कराने के नाम पर जनता को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ती है। वही विभाग के बड़े अफसर अपना मोबाईल नहीं उठाते। कभी कभार भूलवश कोई अफसर यदि मोबाईल उठा लेता है तो उसके द्वारा कटौती के संदर्भ में संतोष जनक जवाब नहीं दिया जाता है। वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर जारी है। कूलर व पंखे की अनिवार्यता लगातार बना हुई है। लेकिन कटौती के कारण गर्मी के मौसम में भी जनता को राहत नहीं मिल पा रही है। बताया गया है कि, कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं रहता विगत मंगलवार को

### इन इलाकों में मिल रही शिकायतें

शिकायत के अनुसार बोरसी, न्यू आदर्श नगर, विद्युत नगर, आदर्श नगर, पोटिया, मीनाक्षी नगर, पद्मनाभपुर, कसारीडीह, केलाबाड़ी, इंदिरा मार्केट, गांधी चौक, हटरीबाजार, सदर बाजार, गंजपारा, इंदिरा मार्केट स्टेशन रोड, ग्रीन चौक, सिकोला भाठा, तितुरडीह, आदित्य नगर, कादम्बरी नगर, हरि नगर, आर्य नगर, मोहन नगर, शंकर नगर, पचरी पारा,पोलसाय पारा, ब्राम्हण पारा, नया पारा, गया नगर में लगातार अघोषित विद्युत की कटौती हो रही है। विद्युत की कटौती से पूरा शहर प्रभावित है।

# भाजपा का संकल्प से समृद्धि तक कार्यशाला में बताई गई उपलब्धि

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा संकल्प से समृद्धि तक का कार्यशाला संपन्न हुआ। अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के विषयों को जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल थे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, जागेश्वर साहू, लाभचंद बाफना, सांवला राम डाहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद अध्यक्ष पाटन कीर्ति नायक, बृजेश बिचपुरीया , शिरीष अग्रवाल, जिला महमंत्री प्रेम लाल साहू , बिजेंद्र सिंह, उपकार चंद्राकर,खिलावन साहू , तुलसी साहू, विजय जायसवाल, दया सिंह, राम खिलावन वर्मा मौजूद थे। जिला अध्यक्ष देवांगन ने कहा की 36 जगहों पर जगह-जगह तिरंगा यात्रा निकाली गई। डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा की मोदी के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धि को हम जन जन तक हम सभी को लेकर जाएगें। मुख्य वक्ता नारायण चंदेल ने कहा की संकल्प से सिद्धि तक का केन्द्र में मोदी की सरकार चल रही है। पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा की अटल बिहारी बाजपेयी बने तो प्रधानमंत्री सड़क योजना बनाई गांव से शहर को जोड़ने का काम किया। आजादी के बाद के सैनिकों का नाम जोड़ना और एक रुपए में बीमा संकल्प से सिद्धि कि कार्यशाला में हमें जन जन तक जानकारी देना है। संचालन महामंत्री प्रेमलाल साहू और आभार विजय जायसवाल, चंद्रकांता मांडले, शंकर लाल देवांगन, संजय दानी, प्रभुनाथ मिश्रा, डॉ राधेश्याम वर्मा, स्वीटी कौशिक, समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।




### पर्यावरण दिवस पर कालेज में रोपे गए पौधे

**दुर्ग।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025 मनाया गया जिसमें ₹एक पेड़ माँ के नाम 2.0₹ अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता ने इस अवसर पर सभी को पौधे लगाने व पर्यावरण को स्वच्छ रखने का आहवान किया। यह कार्यक्रम दयानंद शिक्षा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता एवं उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य डॉ. नीतू सिंह, डॉ. निशा श्रीवास्तव डॉ.आस्था सिजारिया, डॉ. संगीता वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी सबीना बेगम एवं महाविद्यालय की सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापको महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा पौधरोपण किया गया।

# ग्राम पंचायत में मकान टैक्स नहीं दिया तो रोक दिया राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धमधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरनी में ग्रामीणों के द्वारा मकान टैक्स नही देने पर राशन रोके जाने के मामले सामने आए है। बहरहाल इस आदेश से ग्रामीणों में हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई है। वही ग्रामीणों ने राशन दुकान और सरपंच पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

- सरपंच और राशन दुकान कर्मचारी के बीच मिलीभगत का आरोप

गांव के सरपंच पंच द्वारा गांव के मकान टैक्स के नाम से राशन कार्ड धारकों को राशन लेने के लिए रोक लगा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि, सरपंच, पंच राशन दुकान के कर्मचारी की मिली भगत से राशन नही दिया जा रहा है। वही ग्रामीणों ने बताया सरपंच कहते है 2021 से लेकर 2025 तक 5 वर्ष का टैक्स लिया जा रहा है। जिसमे गांव के विकास कार्य में कही भी इसकी राशि नही दिखाई पड़ती। ग्रामीण एक वर्ष का टैक्स देने के लिए ग्रामीण तैयार है, अचानक ऐसा प्रतिबंध लगाया जाना गलत साबित हो रहा है, कि यह सरपंच और राशन दुकान संचालक की मनमानी है।




### राशन रोकने का प्रावधान नहीं

जिला पंचायत सीईओ बररंग दुबे ने बताया कि, मकान टैक्स के लिए राशन रोकने जैसा कोई प्रावधान नही है। इस संबंधित कोई निर्देश भी जारी नही किए गए है। इसके बाद भी गांव में राशन रोके जाने के मामले से ग्रामीण हालाकान है। सीईओ ने कहा हैं कि, मामले की जानकारी लेकर यथोचित निर्देश देंगे।

# किराए की रकम को लेकर युवक पर प्राणघातक हमला, गिरफ्तार



**भिलाई।** ट्रैक्टर किराए के रकम को लेकर युवक पर चाकूओं से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गंभीर अवस्था में युवक को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 109(1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि कुरूद में पुलिस गश्त के दौरान डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली कि भाठापारा कुरुद में अरुण निषाद नामक युवक ने नवीन चौक भाठापारा निवासी राहुल यादव को चाकू से गोद दिया है। घटना में राहुल के गला, पेट, किडनी, सिर व हाथ में गंभीर चोट आई है। आरोपी अरुण ने राहुल को बाजार चौक में चाकू मारकर फरार हो गया था। जहां राहुल यादव खून से सना पड़ा मिला। जिसे गंभीर अवस्था में सीएम मेडिकल कालेज अस्पताल कंचादूर बाइक से लेकर पहुंचे। एम्बुलेंस की मदद से श्री शंकराचार्य अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस में शिकायत करने के बाद आरोपी अरुण निषाद को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### इसलिए था विवाद

कृष्णा विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि अरुण निषाद का जागीर खान के साथ ट्रैक्टर के किराये का रकम को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार की रात को अरुण निषाद ने राहुल यादव से इसी बात को लेकर विवाद हो गया। राहुल का जागीर खान से दोस्ती है। अरुण निषाद को दोस्ती पसंद नहीं आई। घटना की रात दोनों राहुल व अरुण के बीच इसी बात को लेकर मारपीट हुई। आरोपी अरुण निषाद बाइक से गया और कुछ देर में वापस आने के बाद हत्या की नीयत से चाकू से राहुल को पांच वार कर हमला कर दिया।

# विधायक ने बढ़ाया पुलिस जवानों का हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग जिला पुलिस के इन जवानों के प्रयास की सराहना करते हुए इन्हें सम्मानित कराने की घोषणा की है। जनता से पुलिस का जुड़ाव और जनभावना अनुरूप सॉफ्ट पुलिसिंग कल्चर डेवलप करने श्री सेन ने पुलिस कप्तान विजय अग्रवाल के प्रयास को भी सराहा है। सुबह लगभग साढ़े 10 बजे केदार भवन वेंकटेश्वर टाकीज रोड के समीप हुई आगजनी में घर के भीतर फंसे दो लोगों को सुपेला पुलिस के तीन आरक्षकों ने रैस्क्यू किया है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि अभी तक फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाई है। तभी जिन दुकानों में आग लगी है उसके बगल गली में भीषण आग के बीच एक बच्ची फंसी है। फायर ब्रिगेड को सूचित कर प्रधान आरक्षक उपेंद्र सिंह, आरक्षक राजू राणा और गंभीर जाट ने भीतर प्रवेश किया। दरवाजा तोड़कर एक 55 वर्ष की महिला, 30 वर्ष के युवक बाहर निकाला गया। पुलिस टीम के जवानों की तत्परता से बचा लिया गया।जवानों को सम्मानित करने की बात विधायक रिकेश सेन ने कहा है।

## पेज 11 के शेष...

### छोटे-छोटे कदम...

सराहना करते हुए कहा कि ऐसे छोटे-छोटे कदम ही बड़े परिवर्तन की नींव होते हैं। युवाओं और बच्चों को भी उन्होंने पौधारोपण व संरक्षण के प्रति जागरूक किया और संकल्प दिलाया कि हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएगा।

कार्यक्रम में वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता जागरूकता रैली, प्रेरक भाषण और सामूहिक शपथ ग्रहण जैसे आयोजन किए गए। ग्रामवासियों ने पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा लेते हुए अपने कर्तव्यों को समझा।इस मौके पर ग्राम के सरपंच शांतिमोहन साहू, नगर पंचायत बेरला के अध्यक्ष विशालराज देशलहरे, कंतेली के सरपंच महावीर वर्मा समेत कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### प्लास्टिक प्रदूषण खत्म...

पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए हमें एकल-उपयोग प्लास्टिक का कम-से-कम प्रयोग कर, पुनः उपयोग एवं रिसाइक्लिंग के प्रयासों को बढ़ावा देना चाहिए। इस दिशा में जन जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इस मौके पर विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम कुटरू, केवतर, कुसमी, बहेरा, मल्दा एवं मगरघटा में कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने किसानों को खरीफ मौसम पूर्व उन्नत कृषि तकनीकों, जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जल संरक्षण के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर किसानों को रसायनिक उर्वरकों और पेस्टीसाइड्स के दुष्प्रभावों से बचने की सलाह दी गई, जिससे पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य की रक्षा हो सके।

### राखी की महिलाओं...

हैं। हर सुबह दीदियों की टोली जब कचरा इकठ्ठा करने निकलती है, तो गांव के बच्चे भी उनमें शामिल होकर सीखते हैं कि स्वच्छता सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि गर्व की बात भी है। राखी गांव की गलियों से निकलकर ये बंडल बड़े-बड़े प्लास्टिक रिसाइक्लिंग उद्योगों तक पहुँचते हैं, जहां से नई चीजें बनकर लौटती हैं।

इस पहल से न सिर्फ गांव की सूरत बदली है, बल्कि दीदियों की माली हालत भी बेहतर हुई है। अब उनके घरों में खुशियों की बुनियाद इस कचरे से मिलने वाली कमाई से मजबूत हो रही है। प्लास्टिक का यह परिवर्तन गांव को नयी सोच दे गया कचरा अब बोझ नहीं, बल्कि कमाई का जरिया है।

**बदलाव की राह पर प्रेरणा-** जिले के हर ब्लॉक में अब ऐसे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट्स काम कर रहे हैं। राखी गांव की यह सफलता कहानी उन सबके लिए प्रेरणा है, जो बदलाव की राह पर चलने को तैयार हैं। साफ-सफाई, पर्यावरण-संरक्षण और दीदियों की आत्मनिर्भरता ये तीनों बातें अब राखी गांव की पहचान बन गई हैं। यह कहानी बताती है कि जब गांव की महिलाएं ठान लें, तो हर मुश्किल रास्ता आसान बन सकता है।

## खबर संक्षेप

### 50 हजार की चोरी

**भिलाई।** मकान से लगे कार्यालय से चोरी होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305, 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एम.आई. जी 1/401 हुड़को निवासी अधिवक्ता तिमिर भट्टाचार्जी का मकान में कार्यालय भी है। पुत्र अनिकेत भट्टाचार्जी के शादी का घरेलू समान उसमें रखा था। मकान में ताला जड़कर 15 से 25 मई तक बेटे के पास बैंगलोर गये थे। वापस घर हुड़को भिलाई पहुंचने पर 5 जून को मकान के कार्यालय एच.आई.जी -59 हुड़को पर गया। बाहर का गेट में ताला बंद था लेकिन जिसे खोलकर देखने पर हॉल का दरवाजे का कुण्डी टुटा पड़ा मिला। पुराना एसी,2 खाली सिलेण्डर,शादी में मिला बर्तन,कपड़े को अज्ञात ने पार कर दिया। चोरी हुए सामनों की कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है।

### शुभम छात्रवृत्ति कोष में 5100 किया दान

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद होनहार विद्यार्थियों की आगे की पढ़ाई के लिए शुभम छात्रवृत्ति कोष की स्थापना की गई है। जिसके तहत ब्याज मुक्त राशि विद्यार्थियों को आगे पढ़ने के लिए दिया जाता है।



मनवा कुर्मी समाज द्वारा विगत कई वर्षों से जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई एवं निर्धन कन्याओं की विवाह के लिए सहयोग कर रहे है। दानदाताओं की लिस्ट में एक और नाम स्व. लक्ष्मी नारायण बघेल सेलूद निवासी के दशगात्र के अवसर पर पुत्र रवि बघेल एवं परिवार के लोगों ने 5100 शुभम छात्रवृत्ति कोर्स में देने की घोषणा की है। पूर्व राजप्रधान पाटन राज जवाहर वर्मा ने कहा कि निर्धन एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए एक बड़ा सहयोग मिल जाएगा।

### रिसामा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**उतई।** महिमा मेडिकल एवं शाश्वत डायग्नोस्टिक सेंटर उतई के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को ग्राम रिसामा में निःशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 47 मरीज का जांच कर दवाई वितरण किया गया । सभी मरीजों का बीपी, सुगर स्कैनिंग कर उचित परामर्श दिया गया। इस शिविर में डॉ. नीरज एमबीबीएस एमएस जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जन, डॉ. विपुल कुमार गुप्ता, डॉक्टर भूपेंद्र कुमार साहू, डॉक्टर आकाश साहू, छम्मन लाल निर्मलकर, लोकेश कुमार, चिम्मन लाल ठाकुर, ललित साहू, ओम साहू आदि मौजूद थे।

## एक पेड़ मां के नाम, इस अभियान से जुड़कर प्राकृति की करें सेवा

# पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को करें जागरूक, अधिक से अधिक पौधे लगाएं

### वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैः ललित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

ग्राम कोड़िया में ग्राम पंचायत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जामुन का पौधारोपण किया । इस अवसर पर ग्रामीणों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। चंद्राकर ने कहा कि जहां भी खाली जगह मिले अपने घर, स्कूल, कॉलेज तालाबपार, खेत, खलिहान,ऑफिस, अपने-अपने कार्य क्षेत्र में एक पेड़ अवश्य रूप से लगाएं और धरती माता का श्रृंगार करें। कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम सरपंच खुमान निषाद शिवप्रसाद पटेल , लक्ष्मण पटेल मोहन पटेल राधेलाल साहू , नरोत्तम , सुनील यादव , गंगाधर यादव टेकश्वर सिंह पारकर किशोर निषाद , जीवन निषाद , बाली निषाद , कृपाल यादव , गीता बाई रोहिणी निषाद , ममता यादव चांदनी यादव द्रौपदी पारकर , नूतन निषाद कुमारी यादव एवं जीतेश निषाद आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति बनाएं संवेदनशीलः वर्मा



**सेलूद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्मा परिवार द्वारा भुतर्रा तालाब पार में बगरद व पीपल के पौधे का रोपण किया गया। जवाहर वर्मा ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और अपने बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाएं। हमें मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है। यह पहल केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें इन पौधों के संरक्षण और संवर्धन का भी संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जवाहर वर्मा दऊवाराम वर्मा सरपंच खिलेश मारकंडे जयश्री वर्मा दानेश्वर वर्मा रवि पटेल कुशल देव मारकंडे केशव यादव प्रज्ञा वर्मा सहित परिवार के लोग शामिल थे ।

### एक पेड़ मां के नाम लगाकर संतान को विरासत में दे स्वास्थ का खजानाः प्रणव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

एक पेड़ मां के नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश को जनव्यापी बनाने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन के सभापति एवं वन व पर्यावरण स्थाई समिति के अध्यक्ष प्रणव शर्मा जामगांव आर व कुम्हली पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया।



#### वृक्ष देता है हमें बहुत करें संरक्षण

जनपद पर्यावरण समिति अध्यक्ष प्रणव शर्मा ने कहा कि वृक्ष हमें मुफ्त में ऑक्सीजन देती है। कार्बन डाइआक्साइड लेती है। फल-फूल देती है। छाया देती है। ओषधियां देती है। नाना प्रकार का उपहार हमें देती है। वृक्षों का मानव पर बड़ा उपकार है। इस उपकार को समझे और जीवन को स्वस्थ रखने विरासत में स्वास्थ का खजाना देने एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए।

#### जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने किया पौधारोपण

कार्यक्रम में जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, भाजयुमो अध्यक्ष नारद साहू, जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला उपसरपंच मुकेश साहू, कुम्हली सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, उपसरपंच विजय कुमार, बिहान समूह की महिलाएं, पंचगण व ग्रामीणों ने वृक्षारोपण में सहभागिता अदा किए।




### पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**सेलूद।** ग्राम छाटा में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता अभिषेक जांगड़े का ग्राम छाटा में आगमन हुआ। दुर्ग पाटन मार्ग मुख्य सड़क मार्ग के किनारे डोम शेड बनाया गया है। जहां पर फूल पौधे, फलदार पौधे लगाया गया है। उसी स्थान पर आज पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर अभिषेक जांगड़े कांग्रेस नेता अहिवारा, विभा देशलहरे जांगड़े ,खेमचंद टंडन , पत्रकार बलराम यादव, पुष्पा टंडन, तरुण चेलक,राधा चेलक,अंबिका चेलक, अंगोत्री टंडन आदि उपस्थित थे।

## गांव का विकास सबका विकासः बेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा



ग्राम भरदा में नवीन आंगनबाड़ी का किया शुभारंभ। बच्चों एवं महिलाओं को पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर तरीके से मिल सकेगी। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बेला यादव, पूर्व सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, ग्राम पंचायत भरदा सरपंच सुनीता जयप्रकाश भारदीय, उपसरपंच देवनाथ देशमुख, पूर्व सरपंच जय प्रकाश भारदीय,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, इस नवीन आंगनबाड़ी का शुभारंभ में उपस्थित थे। जनपद सदस्य बेला यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों के प्रति अच्छा ध्यान देना खान-पान अच्छा देना जिसमें छोटे-छोटे बच्चों को प्रोटीन मिल सके। गांव का विकास सबका विकास होगा।

- ग्राम पंचायत भरदा में नवीन आंगनबाड़ी भवन का शुभारंभ

हितग्राहियों में खुशी

## चावल उत्सव में मिला तीन माह का चावल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत समस्त राशन दुकानों में प्रदेश सरकार के आदेशानुसार चावल उत्सव मनाया गया। जिसमें राशनकार्ड हितग्राहियों को तीन माह का चावल एकमुश्त दी गई। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से 1 से 7 जून तक चावल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पात्र राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त 2025 की राशन सामग्री विशेष रूप से चावल एकमुश्त रूप से वितरित की जा रही है। गुरुवार को कुम्हारी स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद एवं नगर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा चावल उत्सव में शामिल होकर हितग्राहियों को तीन माह का चावल एकमुश्त बांटे गए। वहीं राशन दुकान संचालकों को हिदायत दी गई कि समस्त राशनकार्डधारियों को समय पर तय मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा स्वयं राशन दुकानों में जाकर दुकानदार एवं हितग्राहियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का लाभ हितग्राहियों को मिलेगा। इस मौके पर कुम्हारी भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, पार्षद उमाकांत साहू, पार्षद डिकेश पटेल, पार्षद अश्वनी देशलहरे एवं फिंगेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं हितग्राही उपस्थित रहे ।

- शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सभी को मिले लाभ : वर्मा

## माहेश्वरी महिला संगठन ने दिव्यांगों को 10 व्हीलचेयर देकर दी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



माहेश्वरी महिला संगठन ने महेश नवमी के अवसर पर विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। सेवा परमोधर्मः के उद्देश्य के साथ संगठन की सदस्याओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर नवजात शिशुओं को 22 बेबी किट एवं फल-बिस्कुट वितरित किए। इसके साथ ही वृद्धाश्रम में भी फल, बिस्कुट, चना-मुर्रा वितरित कर बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया। वृद्धजनों के चेहरे पर आई मुस्कान ने बहनों को भावविभोर कर दिया और आगे भी ऐसे कार्य करने की प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में महिला संगठन की अध्यक्ष हंसा माहेश्वरी, सचिव रेनू राठी, माहेश्वरी महिला संगठन की कार्यकारिणी सदस्य सुनीता चांडक, छत्तीसगढ़ प्रदेश की सदस्य सुमन लाखोटिया, सरोज लाखोटिया, उपाध्यक्ष मीना चांडक, सह-सचिव ममता बजाज सहित संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दिव्यांगजनों की सहायता हेतु 10 व्हीलचेयर का वितरण किया गया। व्हीलचेयर प्रदान करने में हंसा माहेश्वरी, शोभा लाखोटिया, सुमन लाखोटिया, सुनीता चांडक, भूतड़ा परिवार (बेमेतरा), महिला संगठन (बेमेतरा), स्व. रमेश राठी (भालूकोना) एवं स्व. किशनलाल बजाज (बेमेतरा) का विशेष योगदान रहा। इस सेवा कार्य में समाजसेवी ताराचंद माहेश्वरी एवं संजय बजाज की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही।

### विधायक निधि से बनेगा अतिरिक्त कक्ष

**दुर्ग।** परगना ढीमर समाज के भवन में विधायक निधि से अतिरिक्त कक्ष बना गया है। जिसका आज विधायक गजेन्द्र यादव ने समाज के वरिष्ठजनों के साथ लोकार्पण किये। विधायक गजेन्द्र से समाज के नागरिकों ने वार्ड भ्रमण के दौरान मांग किये थे, जो सिर्फ छह माह में पूरी हो गई। इस दौरान उपस्थितजनों को विधायक गजेन्द्र ने समाज के विकास हेतु शासन द्वारा उनके उत्थान हेतु कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने जानकारी दिए। विधायक ने कहा समाज का भवन उनके आर्थिक, सामाजिक एवं जनचेतना का केन्द्र होता है।

## गायत्री जयंती व गंगा दशहरा का पर्व मनाया

# पांच गर्भवती माताओं का कराया पुंसवन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर

गायत्री जयंती गंगा दशहरा का पर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वावधान में अमालोरी गायत्री पीठ के शाखा जामागांव द्वारा समरसता भवन जामगांव आर में एक कुंडली गायत्री महायज्ञ कर पर्व को मनाया गया जिसमें पांच गर्भवती बहनों का पुंसवन संस्कार सम्पन्न हुआ।

**पुंसवन संस्कार से संस्कारी संतान लेते है जन्मः** आचार्य नारद देव एवं डीडी मानिकपुर द्वारा यज्ञ की महिमा पर प्रकाश डालते हुए गायत्री की उत्पति एवं गंगा का अवतरण के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुए बताया कि पर्व विशेष के साथ-साथ यज्ञीय भावनाओं से ओत प्रोत भाई-बहनों को पुंसवन संस्कार के माध्यम से माता-पिता कैसे सुसंस्कारी संतान प्राप्त कर सकते है। ओषधि के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया कि वट वृक्ष गिलोय के संबंध में प्रभावी जानकारी दी पीपल देव वृक्ष कहलाता है।



#### यज्ञ में इन्होंने लिया भाग लिया

यज्ञ में भाग लेने वाले बहन मोहिनी यादव, लोकेश्वरी यादव, रेणुका राठी, रजनी सेन, वा सुमन निर्मलकर का पुंसवन संस्कार कराया जिसमें भाई राहुल राठी,लोकेश यादव, त्रिलोक यादव,कमलेश सेन, चुम्मन निर्मलकर रमेश कुमार वा बहन समाज सेवी भर्ती साहू ,तामेश्वरी साहू, बसंती साहू, हुलसी नेताम,एवं गांव के भाई बहनों ने यज्ञ में भाग लिया।

**गर्भ अवधि खान-पान आचार विचार सात्विक व शुद्ध होना चाहिए**

गायत्री परिजनों ने कहा कि माता पिता को अपने जीवन शैली को व्यवस्थित करते हुए अपने खान पान को आचार विचार को शुद्ध सात्विक बनाना होता है गर्भकाल के समय अपने आहार एवं दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना वा अच्छे अच्छे धार्मिक एवं प्रेरणा पद साहित्यों का अध्ययन करना चाहिए ताकि गर्भाशय शिशु को गर्भ से ही अध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हो कार्यक्रम में गांव के मितानिन बहने आशा यादव ,उमा चंद्राकार का विशेष सहयोग रहा ।

## अंचल व शहर की खबरें

### सेवानिवृति कार्यक्रम में लिखन को दी विदाई



**अंडा।** ग्राम विनायकपुर में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक लिखन लाल पटेल को सेवानिवृत होने पर कर्मचारियों द्वारा सम्मान व विदाई दी गई। पटेल ने इस मौके पर भावुक होते हुए अपने जीवन का अनुभव साझा किया। बीएमओ निकुम डॉ. बंजारे ने कहा कि हम एक परिवार की तरह है और जब किसी सदस्य की विदाई होती है तो सबको दुख होता है। डॉ. एनएल बंजारे, डॉ. ज्योति ध्रुव, रंगारी, अमरेश श्रीवास्तव, उषा देशमुख, ललिता वर्मा, रत्ना कुहीकर, मुकेश,भारती, दामिनी, मंजू रानी आदि मौजूद थे।

### वार्डों की समस्याओं का जल्द करते हैं निराकरण

**पाटन।** जनता की समस्याओं के निराकरण और वार्ड के समुचित विकास के लिए निरंतर सक्रिय पार्षद डोमन यादव एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के रूप में उभरे हैं। चाहे गर्मी के समय जलसंकट की बात हो या सड़क, नाली, सफाई व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या डोमन यादव हर मोर्चे पर पूरी मुस्तैदी से खड़े नजर आते हैं। हाल ही में वार्ड क्रमांक 8, भक्त माता कर्मा क्षेत्र में जलस्तर गिरने के कारण उत्पन्न पानी की समस्या को लेकर उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के समक्ष तत्काल पहल की और बोरिंग, टैंकर व्यवस्था जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करवाईं।



### मंदिर में देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा



**दुर्ग।** ग्राम खपरी विकास खण्ड दुर्ग में स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने माता शीतला मंदिर का पुनर्निर्माण ग्रामवासियों के सहयोग से कराया गया है। ग्राम के इस मंदिर में विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियों का स्थापना की। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 4 जून को मनाई गई। मंदिर राजस्थान के शिल्पकारों से निर्माण कराकर एसजे ग्रुप के चेयरमैन अनिल शर्मा के सहयोग से यहां स्थापित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में भजन गायक हिरेश सिन्हा के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा के विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा थे। उन्होंने ग्राम सरपंच सरपंच भेजेश्वरी घनश्याम साहू एवं पंचों के विशेष मांग पर मंदिर प्रांगण में डोमशेड निर्माण की घोषणा की गई। विशेष अतिथि दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे , जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति जितेन्द्र यादव, जनपद सदस्य रजनी साहू, सचिन राजपूत , लक्ष्मी कुंभकार , सिरसा सरपंच भुनेश्वरी कुर्रे उपस्थित रहे।

### लॉ इन ऑर्डर के परिपालन के विषय पर चर्चा



**धमधा।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी सोनाल डेविड एवं थाना प्रभारी युवराज साहू, नायब तहसीलदार के नेतृत्व में धमधा नगर एवं आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक ,जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों के बीच शांति समिति बैठक किया गया । जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्र में होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम,तीज त्यौहार एवं उनकी गतिविधियों के ऊपर चर्चा क्षेत्र में लॉ इन ऑर्डर के परिपालन के विषय में बातचीत एवं जनप्रतिनिधियों सहित बैठक में पहुंचे सभी लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने की बात कही। बैठक में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि पहले के मुताबिक नगर में पूर्ण रूप से पानी की व्यवस्था और नाली सफाई के कार्य में नगर पंचायत तेजी से प्रयासरत है जिससे आमजनों को सुविधा मिल पाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रशांत अग्रवाल,राजेंद्र ताम्रकार,पार्षद व पूर्व अध्यक्ष रमनलाल यादव,चेतन सोनकर,मलिक मोहम्मद कुरैशी,वरिष्ठ भाजपा नेता व पार्षद चंद्रिका प्रसाद भट्ट,डोमार सोनकर, शमशेर कुरैशी,श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप ताम्रकार,श्रमजीवी पत्रकार संघ धमधा अध्यक्ष निकेत ताम्रकार, पुरेंद्र तिवारी,पत्रकार वीर ताम्रकार आदि मौजूद थे।

### वार्ड-26 समता कॉलोनी में किया पौधारोपण



**भिलाई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर चरोदा स्थित समता कॉलोनी वार्ड 26 में भीम भूमि पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चरोदा भाजपा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर थे। कार्यक्रम में वेद प्रकाश पाण्डेय, टी रामना राव, बौद्ध समाज के अध्यक्ष लोकेश रंगारी, रश्मि सुखदेवे, विजय डोंगरे, पुष्पलता मंडपे,सुजाता डोंगरे, मिनाज खातून, वैद आई,महानंदा मेश्राम, नम्रता रामटेके ,विजय मेश्राम, आशा चौहान ,नलिनी मेश्राम, स्मिता मांडवे,अश्वनी चौहान ,वनिता मेश्राम ,नंदिनी नंदागौरी ,रजनी घोड़ेसवार, दिलीप गजभिए,शैलेश लोखंडे, कुलदीप, बॉबी, संजय समेत बौद्ध समाज के लोग मौजूद थे।

### त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश 10 जून तक

**दुर्ग।** ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत चांपा में संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा एवं वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित बरगढ़ (उड़ीसा) में जुलाई से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमस्टर एवं लेक्चरल एन्ट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### प्राचार्य डॉ. रमेश राष्ट्र सेवा सम्मान से सम्मानित

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्र सेवा सम्मान से नवाजा गया है।



यह प्रतिष्ठित सम्मान भारत सरकार के नीति आयोग से पंजीकृत संस्थान, फेयर विजन फाउंडेशन पुणे, महाराष्ट्र द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. चन्द्रवंशी को यह सम्मान प्राचार्य के रूप में उनके कुशल नेतृत्व और लगन के लिए मिला है, जिसने शासकीय हाई स्कूल छिरहा के शैक्षणिक मानकों को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शिता ने संस्थान को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उल्लेखनीय है कि डॉ. चन्द्रवंशी को इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। जो शिक्षा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और समर्पण को दर्शाता है। यह नया सम्मान उनके उत्कृष्ट करियर में एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

### जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 तक

**कवर्धा।** जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 12 जून तक चलेगा। इसका मकसद किसानों की आय बढ़ाना और खेती को लाभकारी बनाना है। यह अभियान कृषि एवं समवर्गी विभाग के तहत गांव-गांव पहुंचेगा। वैज्ञानिकों की टीमें नई तकनीक की जानकारी दे रही हैं।

### बेंदरची गांव में 9 जून को लगेगा शिविर

**कवर्धा।** श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। ये शिविर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल और असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल की योजनाओं के तहत होंगे। जिला श्रम अधिकारी देवांगन ने बताया कि शिविर 9 जून को बेंदरची, 10 को सिंघनपुरी, 12 को बरहठी में लगेगा।

### प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**मोहला।** शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर अवलोकन किया जा सकता है। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग में उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते हैं। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 10 जून निर्धारित है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



पलकों का न खुलना
टोसिस PTOSIS का ईलाज
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
न्यूरोलॉजी विभाग
.सिर दर्द (माईग्रेन)
.मिर्गी .लकवा
.ब्रेन ट्यूमर
.ब्रेन हेमरेज
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

**युक्तियुक्तकरण : शिक्षा पर चोट, 10,463 स्कूलों की बंदी से भड़के अरुण वोरा**

# सरकार की शिक्षा नीति पर सवाल, गुणवत्ता की चिंता नहीं, केवल खर्च बचाने पर केंद्रित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ में शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे युक्तियुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बेमेतरा जिला प्रभारी अरुण वोरा ने इसे प्रदेश के लाखों बच्चों, बेरोजगार युवाओं और शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है। राजीव भवन कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए वोरा ने दो टूक कहा कि भाजपा ने 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था। बेरोजगारों ने भरोसा किया, वोट दिया। लेकिन अब 10,463 स्कूल बंद कर दिए गए और 45 हजार से ज्यादा शिक्षकों के पद खत्म करने की तैयारी चल रही है। ये शिक्षा और रोजगार दोनों पर सीधा हमला है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से बताया कि प्रदेश के 56,333 स्कूलों में से 300 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है, जबकि 5,500 स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। 3,978 स्कूल एक ही परिसर में अलग-अलग स्तरों पर जैसे-तैसे संचालित किए जा रहे हैं। हर साल 10 से 15 हजार शिक्षक सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन सरकार चुपचाप पदों को खत्म कर रही है। प्राथमिक शालाओं में जहां तीन शिक्षकों को 18 विषय पढ़ाने होते हैं, वहीं अब दो शिक्षकों से ही पूरा शैक्षणिक भार उठवाया जा रहा है। मिडिल स्कूलों में स्थिति और भी गंभीर है एकमात्र शिक्षक व प्रधानपाठक को मिलाकर 60 बच्चों को पढ़ाना, मध्यान्ह भोजन, प्रशासनिक काम और सरकारी पत्राचार संभालना असंभव है।

> ■ 5,500 स्कूल केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे




### शिक्षा न्याय आंदोलन का ऐलान

वोरा ने जानकारी दी कि कांग्रेस \\/"शिक्षा न्याय आंदोलन की शुरुआत कर रही है।10-11 जून को बीईओ कार्यालयों का घेराव, 15-25 जून को 3 से 5 किमी लंबी शिक्षा-न्याय यात्रा और 10 जुलाई को बंद किए गए स्कूलों में जनसंपर्क और विशेष प्रदर्शन होंगे। इस मौके पर गुरुदयाल बंजारे, सुरेन्द्र तिवारी ,कविता साहू, ललित विश्वकर्मा, शशि प्रभा गायकवाड़, अविनाश तिवारी, लूकेश वर्मा, दिनेश पटेल, रीता पांडेय, जोगेंद्र छाबड़ा सहित अन्य नेता मौजूद थे।

### प्रदेश में 58,000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त

वोरा ने आरोप लगाया कि सरकार ने यह निर्णय थोपते समय न तो शिक्षक संगठनों से चर्चा की, न पालक संघ से संवाद किया और न ही किसी शिक्षा विशेषज्ञ से राय ली। उन्होंने कहा कि सरकार को शिक्षा की गुणवत्ता की कोई चिंता नहीं, वह सिर्फ खर्च बचाने के नाम पर पूरे भविष्य को दांव पर लगा रही है। उन्होंने चेताया कि इस निर्णय से दूरस्थ अंचलों बस्तर, सरगुजा, जशपुर जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। सरकार कहती है स्कूल बंद नहीं हो रहे, जबकि मर्ज किए गए स्कूलों का डायस कोड तक विलोपित कर दिया गया है। ये सरासर छलावा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 58,000 से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। विधानसभा में 33,000 पदों पर भर्ती का दावा किया गया था और बजट में 20,000 पदों का प्रावधान है, लेकिन अब पद ही समाप्त किए जा रहे हैं। जब पद ही नहीं रहेंगे, तो भर्ती किसकी करेंगे? वोरा ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि स्कूलों की जबरिया बंदी से न सिर्फ शिक्षक, बल्कि रसोईया, चौकीदार, मृत्य सेवक और मध्यान्ह भोजन से जुड़ी हजारों महिलाएं बेरोजगार हो जाएंगी। यह सिर्फ शिक्षा पर नहीं, गांव की अर्थव्यवस्था पर भी सीधा प्रहार है।

## भाजपा ने तीन मंडलों में अध्यक्षों की घोषणा, 6 माह की कशमकश के बाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

6 माह के लंबे अंतराल ओर कशमकश के बाद भारतीय जनता पार्टी ने जिले के तीन मंडलो में अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई है। बीते वर्ष के दिसंबर माह में भाजपा का संगठन चुनाव हुआ था ओर जिला अध्यक्ष से लेकर मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दी गई थी।परंतु बेमेतरा शहर मंडल , सरदा ग्रामीण मंडल, ओर देवरबीजा ग्रामीण मंडल में नए अध्यक्षों की नियुक्ति पर खींचतान के चलते रुकी हुई थी। शनिवार पार्टी जिलाध्यक्ष के द्वारा जारी सूची में युगल देवांगन को शहर मंडल बेमेतरा का अध्यक्ष वही सरदा मंडल का अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा ओर सेवा राम साहू को देवरबीजा मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षों को बधाई देते हुए बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने कहाः भारतीय जनता पार्टी ने योग्य और कर्मठ कार्यकर्ताओं को मंडल अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि युगल देवांगन, देवेन्द्र वर्मा और सेवा राम साहू अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने, और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। संगठन की मजबूती ही सुशासन की आधारशिला है। मैं तीनों अध्यक्षों को उज्जवल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।"

नियुक्ति के पश्चात शहर मंडल अध्यक्ष बेमेतरा युगल देवांगन ने कहा मैं संगठन के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ और संकल्प लेता हूँ कि पार्टी की नीति व नेतृत्व को और अधिक मजबूती के साथ शहर के प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुँचाऊँगा।



सरदा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र वर्माने कहा की यह दायित्व मेरे लिए गर्व का विषय है। मैं बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने हेतु पूरी लगन और मेहनत से काम करूँगा। देवरबीजा मंडल अध्यक्ष ने सेवा राम साहू ने कहा मैं विधायक दीपेश साहू एवं संगठन का धन्यवाद करता हूं। हम सब मिलकर कार्यकर्ताओं के साथ एकजुट होकर संगठन को और ऊंचाइयों तक ले जाएँगे। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पार्षद गौरव साहू, सोसायटी अध्यक्ष बिशन साहू, भानू राम साहू, रेवा राम निषाद, छत्रपाल साहू, राकेश वर्मा, दोहाई लाल वर्मा, राजीव तंबोली, नरेश साहू, अमृका निर्मलकर, संदीप यादव, पप्पू देवांगन, गोलू साहू, सियाराम सिन्हा, दीना साहू, रवि गुप्ता, प्रकाश साहू समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुस्लिम समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ मनाया बकरीद एक-दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

शनिवार को नवागढ़ नगर में मुस्लिम समुदाय ने बड़े हर्षोल्लास के साथ बकरीद का पर्व मनाया। यह त्योहार मुस्लिम धर्म का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। सुबह से ही नवागढ़ के मदीना मस्जिद में लोग नमाज अदा करने के लिए जुटने लगे। बुजुर्ग, पुरुष, महिलाएं और बच्चे सभी मिलकर अल्लाह की इबादत में शरीक हुए। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, नगर में अच्छी बारिश, शहर में सामाजिक सौहार्द कायम रहने और कुर्बानी को कुबूल किए जाने की दुआ मांगी गई। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई देते नजर आए। खासतौर पर बच्चों में इस पर्व को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया, जो नए परिधानों में सजे हुए थे। ईमाम मौलाना सरफराज ने कहा कि बकरीद का असली मतलब केवल जानवरों की कुर्बानी देना नहीं है, बल्कि यह अपने अंदर बलिदान और त्याग की भावना को जगाने का पर्व है। उन्होंने हजरत इब्राहिम की कुर्बानी का उदाहरण देते हुए कहा कि हजरत इब्राहिम ने खुदा के आदेश पर अपने एकलौते पुत्र को कुर्बान कर दिया था, जो बलिदान और त्याग का सबसे बड़ा संदेश है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस त्याग की भावना को अपने जीवन में अपनाएं और समाज के हर वर्ग के लिए खुशहाली की कामना करें। नमाज के बाद मुस्लिम परिवारों में कुर्बानी की रस्म शुरू हो गई। त्योहार की खुशियों के बीच सभी एक-दूसरे को मिठाइयां बांटते और ईद की मुबारकबाद देते नजर आए। नवागढ़ के सामाजिक जन जिनमें उस्मान खान, सदर हीरू खान, नायब सदर इस्माईल खान, जमील खान,जिब्राइल खान, हनीफ खान, रसीद खान, यासीन खान, जलील खान, जियाउल खान, जमाल कुरैशी, वसीम खान, फिरोज खान, कादर खान, शहजादा खान, लतीफ खान, रफीक खान, वाजिद बेग, गुलाम मुस्तफा, शखावत अली, मोहसिन खान, जुबेर खान, नावेद खान और जुनैद खान शामिल थे, इस अवसर पर मौजूद रहे और साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की।

## गले मिलकर सादगी से मनाई ईद-उल-अजहा

**बेमेतरा।** मुस्लिम समुदाय के सद्भाव व समर्पण एवं कुर्बानियों का प्रतीक माने जाने वाला पारम्परिक पर्व ईद-उल-अजहा प्रतिवर्ष की भांति जिलेभर मैं धूमधाम, उल्लास एवं सादगीपूर्ण रुप से मनाया गया। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोग हर साल की तरह स्थानीय जिला मुख्यालय रेस्ट हाउस रोड स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा की सामुहिक रूप से नमाज अदा कर गले मिलकर एक दूसरे को त्यौहार की मुबारकबाद दी। शनिवार सुबह 8ः बजे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जामा मस्जिद से जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे जहां पर जामा मस्जिद के धर्मगुरु ने ईद उल अजहा की विशेष नमाज सुबह 9ः00 बजे अदा कराई और देश में खुशहाली अमन चैन व प्रेम सद्भाव की दुआ मांगी! ईदगाह से नमाज अदा करने के पश्चात वापस जुलूस बाजार पर स्थित जामा मस्जिद पहुंचा जहां पर परचम कुशाई की गई और नाते पाक की तिलावत की गई ! तपश्चात नमाज में शामिल व्यक्ति अपने घर पहुंचे और कुर्बानी परंपरा के रस्मो को अदा किया गया।



इसके अलावा जिनके घर पर अगर बलि प्रथा (कुर्बानी नहीं दी जाती) तब वे एक निश्चित नगद राशि अनाथालय (मदरसे ) में दान के रुप में भिजवा कर इस परंपरा का निर्वहन किया। हालांकि मुस्लिम समुदाय ने जानकारी दी की हर साल की तरह कुर्बानी का यह आयोजन अगले दो-तीन दिनों तक लगातार जारी रहेगा। जिसमें मुस्लिम समाज के तमाम लोग अपने करीबियों एवं रिश्तेदारों के यहां कार्यक्रम में शामिल होकर त्यौहार को उत्साहजनक एवं सादगीपूर्ण ढंग से मनाएं। मुस्लिम समुदाय ने यह पर्व जिले के बेरला, देवकर, नवागढ़ ,साजा ,सरदा ,खंडसरा ,दाढ़ी सहित अन्य क्षेत्रों में पर्व के परंपरा के अनुसार मनाया।

## शिखर युवा मंच ने नुक्कड़ नाटक से ग्रामीणों में जलाई अलख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोडला विकासखंड अंतर्गत शिखर युवा मंच द्वारा दिनांक 03 जून से 07 जून तक पांच दिवसीय एक विशेष जनजागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का संचालन संस्था प्रमुख आदरणीय भूपेश वैष्णव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अभियान के अंतर्गत चयनित 20 ग्राम सिंघारी, गांगचुवा, छुईहा, कुरलूपानी, जोकपानी, लब्दा, बोदा,कोमो, मुड़घुसरी (जं.), बांटीपथरा, राली, छुही, जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, लीलादादर, धुमाछापर, लरबक्की एवं दुर्जनपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली संदेश दिए गए। इन प्रस्तुतियों ने ग्रामीणों को न केवल जागरूक किया, बल्कि उनमें इन मुद्दों को लेकर सोचने और सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा भी जगाई। लगभग 2000 से अधिक ग्रामीणों ने इन प्रस्तुतियों से प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी नाटकों की प्रस्तुति स्थानीय बोली, सांस्कृतिक प्रतीकों और जीवन के उदाहरणों के माध्यम से की गई, जिससे संदेश अत्यंत प्रभावशाली और आत्मीय बन पड़ा। ग्रामीणजन विशेषकर महिलाएं, युवा और बच्चे, पूरे उत्साह के साथ आयोजन में शामिल हुए। इस अवसर पर संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि समुदाय के भीतर चेतना और आत्मनिर्भरता का भाव जगाना है। जब लोग अपने अधिकार, संसाधन और योजनाओं को समझते हैं, तभी सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। इस अभियान में महिला समूहों, युवा साथियों, वन अधिकार समितियों एवं सामुदायिक वन संसाधन प्रबन्धन समिति,ग्रामीणजन एवं शिखर युवा मंच के टीम की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही। प्रतिबद्ध है।



### जिले के दो हॉकी खिलाड़ियों का अकादमी रायपुर में चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

कवर्धा के हॉकी खिलाड़ी जो कि निरंतर हॉकी मैदान में अभ्यास कर रहे थे, उनमे से दो खिलाड़ियों का चयन रायपुर के आवासीय अकादमी में हुआ है। जिससे पहले उनका ट्रायल 25 से 27 मई तक आयोजित किया गया था, जिसमें सभी जिलों से 180 खिलाड़ियों ने अपने खेल और प्रतिभा को उक्त ट्रायल में प्रदर्शित किया। जिनमें से बेस्ट 15 खिलाड़ियों का चयन करना था, उक्त ट्रायल के दौरान चयनकर्ताओं का ध्यान कवर्धा के खिलाड़ियों पर गया और कवर्धा से हॉकी खिलाड़ी रोशन सिंह राजपूत और आदित्य मरावी का चयन किया गया। खिलाड़ियों के चयन पर नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश, कवर्धा हॉकी संघ अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, पूर्व खेल अधिकारी हाफिज कुरैशी, खेल अधिकारी दिनेश साहू आदि ने बधाई दी है।

## पंडरिया अस्पताल के चिकित्सक से मारपीट करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंडरिया

जिले के पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ एक डॉक्टर के साथ मारपीट और अभद्रता करने वाले आदतन अपराधी हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में पीड़ित डॉक्टर ने पंडरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 46/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराएं 121(1), 132, 296, 226, 115(2), 351(3) और चिकित्सा सेवा संस्थान संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम 2010 की धारा 4 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई थी। बताया जाता है कि हीरालाल उर्फ सोनू डाहिरे, निवासी पंडरिया, वर्ष 2014 से गंभीर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरुद्ध मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा और शांति भंग जैसे कई प्रकरण पूर्व से दर्ज हैं। वह थाना पंडरिया के निगरानी बदमाशों में शामिल है। घटना के बाद से फरार चल रहे डाहिरे की मौजूदगी की सूचना शनिवार को सुबह मिली, जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित कर दबिश दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं पंडरिया अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के पर्यवेक्षण में गठित इस टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान से गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-



By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
02 जून, 15 जून, 14 अगस्त,
04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**9 जून से 25 जून तक चलेगा अभियान, मोदी सरकार के 11 साल की बताई जाएंगी उपलब्धियां**

## संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के विकसित भारत के अमृतकाल और सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाई जाने वाले संकल्प से सिद्धि अभियान के लिए कवर्धा में जिला स्तर पर कार्यशाला आयोजित की गई। 9 जून से 25 जून तक चलने वाला यह अभियान विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण के 11 साल पर आधारित कार्यशाला है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए पूर्व सांसद लखन साहू ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक के राजनीतिक वृत्त की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य और संगठन की भावना अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने इस पर पूरे समर्पण के साथ जुटना है। भाजपा ने जिस प्रमाणिकता के साथ काम किया और जन विश्वास अर्जित किया है। यही अमृतकाल है। श्री साहू ने संकल्प से सिद्धि अभियान के तिथिवार कार्यक्रमों का ब्यौरा रखा और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल की 50 वीं बरसी और पर्यावरण दिवस के कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। श्री साहू ने कहा कि विकसित भारत के अमृतकाल एवं सेवा-सुशासन-गरीब कल्याण की दिशा में किए गए कार्यों को घर-घर पहुंचना है और उन उपलब्धियों का सघन प्रचार-प्रसार करें ताकि कोई विरोधी गलतफहमी फैला ना सके। इन कार्यक्रमों में युवाओं की अधिकाधिक सहभागिता हो। इन कार्यक्रमों के जरिए हमें समाज को भाजपा के राजनीतिक चिंतन विचार से जोड़ना है।

